दिनांकः 24.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में मूसलाधार बरसात के बाद राहत और बचाव कार्य जारी–कोटा में आज बारिश थमने से स्थिति में सुधार हुआं
- केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा–पचपदरा रिफाइनरी से राजस्थान के विकास को नये आयाम मिलेंगें
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–आज़ादी के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीके से चलाना महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी–अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का उद्घाटन कियां
- फिट इंडिया मिशन के तहत आज राजस्थान पुलिस ने "संडेज ऑन साइकिल" अभियान आयोजित कियां

**000**

प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों सहित विभिन्न भागों में बारिश का दौर बना हुआ हैं हालांकि आज कोटा सहित संभाग के अन्य जिलों में बारिश थमने और धूप निकलने से लोगों को राहत मिली हैं मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सर्वाधिक 29 सेंटीमीटर बारिश दौसा में रिकॉर्ड हुई करौली के सपोटरा और जयपुर के चौमूं में 17–17, गंगापुरसिटी और जमवारामगढ में 13–13 और मकराना तथा नावां में 11–11 सेंटीमीटर पानी बरसां हमारे कोटा

संवाददाता ने बताया कि तीन दिन की बारिश से वहां जनजीवन अस्त–व्यस्त बना हुआ हैं कोटा बैराज के दो गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही हैं

........................

सवाईमाधोपुर में अतिवृष्टि के बाद जलभराव वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी हैं वहां एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ सेना की मदद ली जा रही हैं जिला कलेक्टर कानाराम ने आकाशवाणी को बताया कि प्रभावित लोगों के खाने और रहने की व्यवस्था की गई हैं जिला कलेक्टर ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की हैं

............................

शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में भी बारिश का दौर बना हुआ हैं अच्छी बारिश से झुंझुनूं के उदयपुरवाटी का कोट बांध दो साल बाद ओवल फ्लो हो गयां चूरू में आज एक घंटे से अधिक समय तक हुई मूसलाधार बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गयां इससे कई मार्ग अवरुद्ध हो गयें

माउंट आबू में हो रही झमाझम बारिश से घाटियों में कोहरा छा गयां भरतपुर, डीग और आस–पास के इलाकों में बरसात का दौर आज भी जारी रहां इधर, राजधानी जयपुर में बीते दो–तीन दिन से जारी बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर ने कल और परसों स्कूलों में विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया हैं

वर्षा की आशंका के चलते एहतियातन शहर के किशनबाग और स्वर्ण जयंती पार्क सहित कुछ पार्कों में लोगों का प्रवेश बंद किया गया हैं जिला प्रशासन ने आमेर महल जाने वाले रास्तों पर फिसलन को देखते हुए हाथी सवारी पर भी रोक लगा दी हैं भीलवाड़ा और नागौर में भी स्कूलों में कल का अवकाश रखा गया हैं

इस बीच, मौसम विभाग ने आज जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश संभावना व्यक्त की हैं

000

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि पचपदरा में रिफाइनरी से राजस्थान के विकास को नये आयाम मिलेंगें उन्होंने बताया कि रिफाइनरी से इस साल के आखिर तक उत्पादन शुरू हो जाएगां

केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ बालोतरा के पचपदरा में रिफाइनरी का दौरा कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कंट्रोल रूम का उद्घाटन कियां पत्रकारों से बातचीत में केन्दीय मंत्री ने कहा कि तेज गति से रिफाइनरी के सभी कार्य समय पर पूरा करने के प्रयास किये जा रहे हैं

.......................

000

बीकानेर को वंदे भारत ट्रेन की सौगात के साथ रेलवे ट्रैक दोहरीकरण के कार्यो को मंजूरी के बाद आज केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर पहुंचें वहां भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कियां इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को मिलना चाहिएं श्री मेघवाल ने बताया कि आगामी 26 तारीख को प्रदेश के विभिन्न मुद्दों से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्यमंत्री स्तर पर रखी गई हैं इसमें विकास और विरासत में समन्वय पर चर्चा की जाएगीं

......................

000

राज्य सरकार पर हालिया दिनों में कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर उठाए गये सवालों पर आज भारतीय जनता पार्टी ने जयपुर में प्रेस वार्ता कर जवाब दियां पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने पूर्ववती गहलोत सरकार को घेरते हुए पेपरलीक प्रकरण, छात्रसंघ चुनाव स्थगन, स्थानीय निकाय चुनावों और स्मार्ट मीटर पर अपना पक्ष रखां श्री राठौड़ ने पिछली कांग्रेस सरकार पर प्रदेश की जनता से छल करने का आरोप लगायां

...............

000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का दिल्ली विधानसभा में उद्घाटन कियां दो दिवसीय यह सम्मेलन केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया हैं

इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता की ही तरह, आज़ादी के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण हैं उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा और अध्यक्ष पद का सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करने की ज़रूरत हैं

................

इस आयोजन में राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और राज्य विधान परिषदों के सभापति और उप–सभापति शामिल हुए हैं दो दिन के इस कार्यक्रम में, पीठासीन अधिकारियों को अपने अनुभव और सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा करने तथा विधानमंडलों के कामकाज के नए तौर–तरीक़े तलाशने का अवसर मिलेगां

000

फिट इंडिया मिशन के तहत आज राजस्थान पुलिस ने राज्यव्यापी "संडेज ऑन साइकिल" अभियान आयोजित कियां इसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों सहित 17 हजार से अधिक लोगों ने भाग लियां अभियान का उद्देश्य लोगों को "फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज" का संदेश देना थां यह कार्यक्रम 'फिट इण्डिया मूवमेन्ट' का एक हिस्सा थां 'खेलो इंडिया' पहल के विस्तार के तौर पर विभिन्न जिला मुख्यालयों और पुलिस इकाइयों में हुए इस आयोजन में साइकिलिंग के साथ कई फिटनेस गतिविधियां रखी गईं

सरहदी जिले श्रीगंगानगर में हुए कार्यक्रम में पुलिस जवानों के साथ एनसीसी केडेट्स और स्कूली विद्यार्थी शामिल हुएं पाली के पुलिस थानों में उत्साह के साथ अधिकारियों ने भी फिटनेस कार्यक्रम में हिस्सा लियां बाड़मेर में फिट इंडिया दौड़ के बाद नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गईं वहीं भीलवाड़ा में फिटनेस की डोज़, आधे घंटे रोज़ के स्लोगन के साथ लोगों को जागरुक किया गयां सवाईमाधोपुर, सिरोही और अन्य जिलों में भी अभियान के तहत कार्यक्रम रखे गयें

000

जैसलमेर के रामदेवरा में प्रसिद्ध लोकदेवता बाबा रामदेव का सालाना मेला कल से शुरू हो रहा हैं मेले में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान सहित देश के कोने–कोने से बड़ी संख्या में जातरु पहुंचे हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि बाबा के जयकारों के साथ ध्वज चढ़ाने को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा हैं

000

डीग में चल रही श्री जवाहर प्रदर्शनी और बृज यात्रा मेले में आज कुश्ती दंगल का आयोजन हुआं इसमें प्रदेश के साथ बाहरी राज्यों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखायां दंगल देखने बड़ी संख्या में आमजन के साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगां यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगें